SURYA FOUNDATION

# खेलकूद प्रतियोगिता

## 2021-22



# खेलकूद

## युवाओं के अच्छे भविष्य एवं सुदृढ़ जीवन का साधन है



**भरतराज**
( अभियान प्रमुख )

**खेल** हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। जिस तरह दिमाग के सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल भी जरूरी है। शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल उन सारी गतिविधियों को कहा जा सकता है, जिसमें प्रतिभागी की शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं का उपयोग रुचि के साथ होता है। खेल से टीमवर्क और लीडरशिप की भावना विकसित होती है, मानसिक तनाव में कमी आने के साथ-साथ पढ़ाई-लिखाई में रुचि बढ़ती है। खेल से नीरस जीवन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है।

अमृत महोत्सव के अंतर्गत **खेलो खेल बनो निरोग** के भाव को ध्यान में रखते हुए प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल जी की प्रेरणा से चल रहे सूर्या फाउण्डेशन-आदर्श गाँव योजना द्वारा सूर्या यूथ क्लब के युवाओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन **25 दिसंबर 2021 ( सुशासन दिवस ) से 23 जनवरी 2022 ( पराक्रम दिवस ) तक किया गया। जिसमें देश के 16 राज्यों के 1200 गाँवों के 65000 युवाओं ने भाग लिया। देशभर के 240 स्थानों पर समापन कार्यक्रम हुआ। 12960 खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।**

इस प्रतियोगिता में बॉलीवाल, कबड्डी, सूर्य नमस्कार, क्रिकेट, दौड़, म्यूजिकल चेयर आदि खेलों के साथ-साथ स्थानीय खेल भी सम्मिलित किये गये। कोरोना संकट होने बाद भी सभी क्षेत्रों के खिलाड़ियों में खेल के प्रति बहुत अधिक उत्साह दिखाई दिया। संस्था द्वारा देशभर में चलाए जा रहे इस युवा निर्माण कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों एवं समाजसेवियों का मार्गदर्शन मिला। आज के परिवेश में सामाजिक सरोकार से दूर होते जा रहे युवाओं में विभिन्न प्रकार के अच्छे गुणों को जागृतकर ग्राम विकास के कार्य में जोड़ने का सराहनीय कार्य फाउण्डेशन द्वारा किया जा रहा है।

"युवा विकास का साधन है खेल...

खेल हमारे जीवन में आने वाली सभी कठिनाईयों को पारकर आगे बढ़ना सिखाता है। यह युवाओं को बहादुर बनाता है, उनके चिड़चिड़ेपन व गुस्से को कम करके उन्हें खुशी का एहसास कराता है। खुले मैदानों में खेलने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।"



**Brig. D.C. Pant**
*Sr. Vice Chairman*
Surya Foundation

# खेलकूद
## से होने वाले लाभ



**Pramod Asare**
Ideal Village Project Head

- खेलकूद के माध्यम से हमारा मनोरंजन एवं व्यायाम हो जाता है। जिससे शरीर स्वस्थ और फुर्तीला बनता है।
- खेलकूद के द्वारा शरीर का आलस्य, कमजोरी तथा दुर्बलता दूर हो जाती है।
- मनुष्य का शरीर स्वस्थ हो तो उसका मन व दिमाग भी स्वस्थ रहता है। जैसे एक कहावत है–'तन्दुरुस्ती हजार नियामत' अर्थात् अगर हमें स्वस्थ शरीर मिला है तो वह हमारे लिए हजारों वरदानों के बराबर है। अतः हमें खेल में विशेष रुचि रखनी चाहिए।
- अगर हम मिलजुल कर खेलते हैं तो हमारे अंदर एकता तथा भाईचारा जैसे गुणों का विकास होता है।
- खिलाड़ियों को कभी भी भूखे पेट नहीं खेलना चाहिए। उन्हें ताजा भोजन, हरी सब्जियाँ, फल–दूध का सेवन करना चाहिए। परन्तु खाना खाने के बाद तुरंत नहीं खेलना चाहिए।



**Mukesh Tripathi**
*Vice Chairman*
Surya Foundation

स्वस्थ शरीर एवं दिमाग को विकसित करने के लिए खेल का बड़ा महत्त्व है। जीवन में जय–पराजय को आनंदपूर्ण ढंग से लेने की महत्त्वपूर्ण आदत खेल खेलने से ही आती है। खेल से हमें शारीरिक रूप से मजबूती और मानसिक रूप से आराम मिलता है, जिससे हम सभी समस्याओं से आसानी से छुटकारा पा सकते हैं।



# बहादुरगढ़ (हरियाणा)



**Heera**
*HR Head*
Bahadurgarh Plant

हमारे जीवन में खेलकूद का बहुत ही महत्त्व है। खेलकूद से हमारे शारीरिक और मानसिक शक्ति में असीम वृद्धि होती है। खेलकूद से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेलकूद हमें हमारे लक्ष्य तक पहुँचने के लिए उत्साहित करता है। इससे बच्चों में हार-जीत को नम्रता और शान से स्वीकार करने की भावना जागृत करता है।






## अनुभव

*प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाँव मे खेलकूद प्रतियोगिता करवाई गयी, जिसमे गाँव के युवाओ का उत्साह देखते ही बनता था। समस्त ग्रामवासियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वे सूर्या फाउण्डेशन की इस प्रतियोगिता से यह समझाने में कामयाब रहे कि खेलों के द्वारा शारिरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ परस्पर भाईचारा व मेलजोल भी बढ़ता है, मैं आशा करता हूँ कि सूर्या फाउण्डेशन इसी प्रकार हमारे गांव के युवाओं के विकास के लिए कार्य करता रहेगा।* ***धन्यवाद!***



**संजय (SYC)**
गाँव-जाखोदा, हरियाणा

# भुज-कच्छ (गुजरात)

सूर्या फाउण्डेशन - आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत सूर्या रोशनी लिमिटेड, भुज प्लांट के पास चंदिया गाँव में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुझे भी रहने का सौभाग्य मिला। फाउण्डेशन की तरफ से विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल दिया गया। युवाओं में खेल के प्रति उत्साह दिखाई दिया। चंदिया गाँव के आसपास के 8 गाँव से खिलाड़ी आए थे। हम जानते हैं कि कई खिलाड़ियों को खेलने का प्लेटफार्म न मिलने के कारण उनकी खेलने की इच्छा मन में ही रह जाती है। सूर्या फाउण्डेशन खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों में उत्साह जगाने का कार्य करता आ रहा है।



**J. Vaidya**
*HR Head*
Kutchh-Gujarat Plant






**सचिन (SYC)**
गाँव-चंदिया, गुजरात

## अनुभव

*सूर्या फाउण्डेशन-आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, क्रिकेट, दौड़, सूर्य नमस्कार आदि प्रतियोगितायें कराई गयी। इन प्रतियोगिताओं में चंदिया के आसपास के 8 गाँवों के युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और सफल बनाया गया। गाँव के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।*



**Ved**
*Vice Chairman*
Surya Foundation

कहा गया है कि **स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।** हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की चिंता है। वह चाहता है कि स्वस्थ रहकर जिए। स्वस्थ रहने के लिए योग, प्राणायाम, संतुलित आहार आदि तो महत्वपूर्ण है ही, इसके अलावा खेल भी बहुत महत्वपूर्ण है। खेल खेलते समय शरीर बहुत अधिक परिश्रम करता है, जिससे अधिक मात्रा में ऑक्सीजन शरीर के अंदर जाती है। यही ऑक्सीजन हमारे रक्त को शुद्ध करती है तथा भोजन पचाने में सहायक होती है। जिसने खेलों को महत्व दिया है वह सदैव प्रसन्न, स्वस्थ तथा मजबूत रहता है, इच्छाशक्ति सदैव मजबूत रहती है, संगठन की शक्ति का विकास होता है।अतः खेल स्वास्थ्य का पर्याय है।















# स्वस्थ युवा - सामर्थ्यवान राष्ट्र

राष्ट्र विकसित या सामर्थ्यवान तभी बन पाता है, जब देश का युवक स्वस्थ होता है और यह तभी संभव है जब प्रत्येक युवा अपनी लाख व्यस्तताओं के बावजूद खेल के लिए समय निकाले। आज के अधिकतर बच्चे कम्प्यूटर पर अकेले वीडियो गेम खेलते रहते हैं। ऐसे खेलों से मानसिक अभ्यास तो हो जाता है, किंतु शारीरिक विकास नहीं हो पाता। इसलिए सूर्या फाउण्डेशन पिछले कई वर्षो से लगातार खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है।



**Hemant**
*Vice Chairman*
Surya Foundation




फफूण्डा - मेरठ




पंजाबी बाग-दिल्ली




पेण्ड्री - छत्तीसगढ़



बीदर-कर्नाटक




दीनदयाल धाम-मथुरा

# काशीपुर (उत्तराखण्ड)

स्वामी दयानंद सरस्वती ने कहा था **मजबूत आत्मा और पक्के मन का मंदिर शरीर कल्पना में भी कभी कच्चा नही हो सकता है।** खेलकूद स्वास्थ्य रक्षा का नि:शुल्क साधन है। अच्छे स्वास्थ्य के अनेक साधन हैं जैसे व्यायाम, खेलकूद और जिम्नास्टिक। व्यायाम तथा जिम्नास्टिक से शरीर स्वस्थ तो रहता है, परंतु इनसे कोई अन्य लाभ नहीं है। इसके विपरीत खेलों से व्यायाम के साथ-साथ मनोरंजन भी होता है। यही कारण है कि विद्यार्थियों की रुचि व्यायाम की अपेक्षा खेलकूद में अधिक होती है। सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना द्वारा काशीपुर के आसपास के गाँवों में हो रही खेलकूद प्रतियोगिताएँ आज समाज में अपनी अलग छाप छोड़ रही हैं।



**Shubham**
Plant Head
Kashipur Plant
Uttarakhand




## अनुभव

*उत्तराखण्ड के टीला गाँव के आसपास के 9 गाँवों को जोड़कर खेलकूद प्रतियोगिता का कार्यक्रम किया। इस प्रतियोगिता में 240 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 7 दिनों तक अलग-अलग गाँव में किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल जैसे क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, सूर्य नमस्कार, दौड़ आदि कराए गए। इस प्रतियोगिता के दौरान गाँव में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने पूरी निष्ठा और अनुशासन बनाए रखा। गाँव के सेवाभावियों का काफी सहयोग मिला। समापन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सूर्या रोशनी लिमिटेड एच.आर. हेड संजीव कुमार जी, संघ विभाग सेवा प्रमुख श्री अरविंद राव जी, खण्ड बौद्धिक प्रमुख कैलाश जी उपस्थित रहे।*



**सुनील (JFC)**
गाँव-टीला, उत्तराखण्ड

# मालनपुर (मध्य प्रदेश)



**Mukul**
*General Manager-HR*
Malanpur Plant

अमृत महोत्सव के अंतर्गत सूर्या फाउण्डेशन - आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत मालनपुर के आसपास खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही प्रभावी ढंग से किया गया। इसके लिए मैं सूर्या फाउण्डेशन की केंद्रीय टीम एवं मध्य प्रदेश की टीम (शिव कुमार, अशोक कुमार और रवि तिवारी) को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने बड़ी ही कुशलतापूर्वक प्लांट के आसपास के 9 गाँवों में युवाओं, बच्चों एवं महिलाओं को खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे फैक्ट्री के आस-पास के गाँव के लोगों के प्रति आत्मीयता बन गयी है उसके कारण आज समाज में सूर्या परिवार के प्रति श्रद्धा बढ़ी है।




## अनुभव



**महेश (SYC)**
गाँव-मालनपुर, म.प्र.

*सूर्या फाउण्डेशन-आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत हमारे क्षेत्र मालनपुर में टूर्नामेंट किया गया गया, जिसमें मुख्य रूप से क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, दौड़ आदि खेलों की प्रतियोगिता रखी गई। जब हमने यह खेल प्रतियोगिता शुरू की तो गाँव के युवाओं में अत्यधिक प्रसन्नता हुई। जो बच्चे आज खेल को भूलकर मोबाइल से लगातार जुड़ रहे हैं उन्हें सूर्या फाउण्डेशन के माध्यम से खेल से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सूर्या यूथ क्लब से जुड़े युवाओं में शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक के साथ अन्य गुणों में वृद्धि देखने को मिली है। युवाओं में समरसता का भाव भी बढ़ा है।*

# हिन्दूपुर (आंध्र प्रदेश)



**Manik**
*CCO*
Hindupur Plant

**'स्वास्थ्य ही धन है'** यह पुरानी कहावत है, जो आज भी उतनी ही सच है। अनेक प्रकार के खेलों के द्वारा मनुष्य अपने स्वास्थ्य और शरीर का संवर्धन और संरक्षण सकते हैं। बच्चों में जहाँ आज वर्चुअल दुनिया बहुत प्रभावी हो रही है, वहीं ग्रामीण माताओ को घर के कार्यों के कारण जीवन मे नीरसता दिखाई देती है। गोल्लापुरम् गाँव की खेलकूद प्रतियोगिता में हर पीढ़ी के लोगों का प्रतिभाग रहा। युवाओं के लिए वॉलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट का खेल आकर्षक रहा तो वहीं बच्चों एवं माताओं-बहनों ने दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ और मटका दौड़ जैसे खेलों का आनन्द लिया। इससे माताओ को पुनः अपने बचपन के दिन की यादें आयी जो सबके लिए आनन्ददायी रहा। गाँव के निवासियों के लिए यह एक नया अनुभव रहा।




## अनुभव

*सूर्या फाउण्डेशन-आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत हमारे गाँव गोल्लापुरम में आसपास के 10 गावों को मिलाकर खेलकूद प्रतियोगिता कराई गयी। इसमें वॉलीबॉल, क्रिकेट, सूर्य नमस्कार, कबड्डी, खो-खो आदि खेलों के साथ स्थानीय खेल भी कराये गये। प्रतियोगिता में 550 युवाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन में विजयी 105 खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। गाँव में समरसता के लिए सप्ताह में एक दिन सूर्या यूथ क्लब के भैयाओं द्वारा श्रमदान किया जाता है। मेरे गाँव में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों से लोगों में बहुत बदलाव देखने को मिला है। मैं इससे बहुत प्रभावित हूँ। मैं संस्था के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश जी को युवाओं में संस्कार के साथ-साथ सेवाभाव जगाने के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूँ।*



**एन. देवराजू** (सरपंच)
गाँव-गोल्लापुरम्, आ.प्र.

# SPORT TOURNAMENT MIS REPORT

| SN | AREA | INCHARGE | MOBILE | VILLAGE | PARTICIPATION OF PLAYERS |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AWADH (UP) | NAROTTAM SINGH | 8005485727 | 50 | 2635 |
| 2 | BAREILLY (UP) | KAVAL KUMAR | 9056767264 | 20 | 1130 |
| 3 | MATHURA (UP) | PURUSHOTTAM | 9756778555 | 30 | 1753 |
| 4 | GORAKHPUR (UP) | RAJEEV SINGH | 9628732373 | 78 | 4064 |
| 5 | KANPUR (UP) | BHARAT SHAH | 9265070461 | 45 | 2438 |
| 6 | KASHI (UP) | KULDEEP M SHARMA | 9476521105 | 50 | 2936 |
| 7 | MEERUT (UP) | AJEET KUMAR | 9536482353 | 40 | 1992 |
| 8 | UTTARAKHAND | NITISH KUMAR | 9097950310 | 45 | 2841 |
| 9 | BIDAR (KTK) | ADDE GURUNATH | 9449009023 | 25 | 660 |
| 10 | HINDUPUR (AP) | P VENU GOPAL | 8074785897 | 25 | 1538 |
| 11 | MADHYA PRADESH | SHIV KUMAR RAJWADE | 8120831014 | 110 | 5888 |
| 12 | HARYANA | BHANWAR SINGH | 9611329872 | 60 | 3992 |
| 13 | DELHI | ARUN KUMAR | 7983964125 | 5 | 264 |
| 14 | CHHATTISGARH | SANAT TANDAN | 9752680930 | 42 | 2434 |
| 15 | GUJARAT | MAHIPAT SUTHAR | 7203934315 | 25 | 1780 |
| 16 | MAHARASHTRA | MAYUR | 7507004384 | 15 | 385 |
| 17 | RAJASTHAN | ADARSH MISHRA | 7417399240 | 80 | 4900 |
| 18 | JHARKHAND | RAKESH MAHTO | 6201534530 | 15 | 1552 |
| 19 | ODISHA | PARSHURAM BISHOI | 7008779393 | 20 | 1900 |
| 20 | ASSAM | S GOPAL SINGH | 8972824084 | 45 | 2158 |
| 21 | DARJEELING | BHIKHPURI GOSWAMI | 9015958741 | 370 | 17500 |
| 22 | MANIPUR | S GOPAL SINGH | 8972824084 | 5 | 260 |
| | | | TOTAL | 1200 | 65000 |

अमृत महोत्सव के अंतर्गत आदर्श गाँव योजना के द्वारा देशभर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हम सब जानते हैं कि खेलकूद शरीर को हस्ट-पुष्ट बनाता है और मन में ताजगी लाता है। यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही विकास का श्रोत है। खेलकूद ने समाज को जोड़ने में अहम् भूमिका निभाई है। इस दौरान चाहे दार्जिलिंग का अत्यंत ठंड से प्रभावित क्षेत्र हो चाहे दक्षिण भारत की गर्मी वाला क्षेत्र, अथवा राजस्थान की रेतीली भूमि वाला क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में एक जैसा जोश एवं उत्साह देखने को मिला। एक सफल इंसान के लिए चाहिए कि वह मानसिक तथा शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहे। शारीरिक विकास के लिए व्यायाम जरूरी है ,जो हमें खेलो के माध्यम से ही प्राप्त होता है। समाज की अनेक राजनैतिक, सामाजिक, प्रतिष्ठित एवं खेल जगत की हस्तियों ने विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया। इससे युवाओं को मनोरंजन के साथ-साथ आत्मनिर्भर तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने का भरपूर मौका मिला है।



**Kameshwar**
*Zonal Incharge-AGY*
Surya Foundation

# समाचार पत्रों में खेलकूद प्रतियोगिता की झलकियाँ

## निगम पार्षद कैलाश सांकला एवं मुकेश त्रिपाठी ने छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया



**नई दिल्ली।** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर सूर्या फाउंडेशन द्वारा आदर्श गांव योजना के अंतर्गत पंजाबी बाग वार्ड क्षेत्र से लोकप्रिय निगम पार्षद एवं दिल्ली विकास प्राधिकरण के सदस्य कैलाश सांकला एवम सूर्या फाउंडेशन के उपाध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी ने पंजाबी बाग

## सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

आज समाचार सेवा

धाता/फतेहपुर 18 जनवरी। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजन के तहत सात दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन आज मो0 कलीम सदस्य क्षेत्र पंचायत द्वारा किया गया। इस खेल कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार दौड़ वालीबाल सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। सूर्या फाउंडेशन ( कानपुर कलीम (क्षेत्र पंचायत सदस्य) अवधेश (मण्डल मंत्री) व कानपुर क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह, भारत शाह, के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। नरोत्तम सिंह ने युवाओं व बच्चों को खेलों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल के द्वारा हम अपनी शारीरिक व मानसिक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। खेलों के माध्यम से हम जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विजयी होकर अपना व अपने परिवार, सौहार्द सहनशक्ति एवं दृढ़ निश्चय जैसी भावनाओं का भी विकास होता है। इसी क्रम में सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में राजा ने प्रथम, संदीप ने द्वितीय, दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सतीश प्रथम, प्रिंस द्वितीय, बड़कू तृतीय स्थान पर रहे। वॉलीबाल में नारायणपुर गाँव विजयी रहा कबड्डी में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के आयोजन एवं सफल बनाने में सूर्या फाउंडेशन के

## खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम



सूर्या फाउंडेशन-आदर्श गांव योजना के तहत मध्य प्रदेश के मालनपुर क्षेत्र में आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव के तहत चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री विनोद कुशवाह थाना प्रभारी मालनपुर ,विशेष अतिथि श्री तपन कुमार जी सूर्या रोशनी लिमिटेड प्लांट हेड, श्री मुकुल चतुर्वेदी महाप्रबंधक मालनपुर ,सौरभ जी इहड मालनपुर ,शिवकुमार मध्य प्रदेश क्षेत्र प्रमुख सूर्या फाउंडेशन, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अशोक पाल जी के साथ समस्त अतिथि गणों ने मां भारती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का तिलक व पटके से स्वागत अपने युवा साथी द्वारा किया गया, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सात दिवसीय किया गया। सभी विजय खिलाड़ियों को कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, 1 किलोमिटर दौड़, 50 मीटर, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू चम्मच दौड़, रिले दौड़ एवं अनेक प्रकार के प्रतियोगिताएं कराई गई। सभी विजेताओं को मेडल प्रशस्ति पत्र व शिल्ड से सम्मानित सभी अतिथियों द्वारा किया गया, और उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिससे खेल में रुचि बना रहे और उनका मनोबल बढ़ता रहे।

कार्यक्रम की उद्बोधन में अपने मुख्य अतिथि श्री विनोद कुशवाह जी ने सभी के सामने ग्राम विकास की बात रखें गांव का विकास बाहर वाले नहीं गांव वाले को ही करना होगा इसलिए गांव के लोगों को सामने आकर अपने रास्ते खुद बनाना होगा ऐसी बात मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम वालों को प्रेरणा स्रोत बातें बताया गया व खेल के महत्व के बारे में भी बातें रखा की पढ़ाई के साथ-साथ अपने शारीरिक विकास के लिए बच्चों को खेल की आवश्यकता है जिससे उसकी मांसपेशियां मजबूत होगा और शारीरिक विकास होगा। सूर्या फाउंडेशन के सौरभ जी भी अपने उद्बोधन में बताएं कि सूर्या फाउंडेशन कि जो 5 आयाम शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, समरसता एवं स्वावलंबन को लेकर आदर्श गांव योजना ग्राम विकास की ओर आगे बढ़ रहे हैं जिसमें एक-एक पग बढ़ाते हुए सफलता की ओर अग्रसर हो रहे हैं इस प्रतियोगिता में बहनों का भी बहुत सहभागिता रहा। गांव की बहने भी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सामने आई और अपनी भागीदारी निभाएं और रस्साकशी व कुर्सी दौड़ में अपनी भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के सभी युवा साथी वह हमारे सूर्या फाउंडेशन के शिक्षकों, हमारे ग्राम के प्रशिक्षित सेवाभावी का विशेष सहयोग मिला और समस्त ग्राम वासियों का भी सहयोग रहा इस प्रकार सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता चल रहे अमृत महोत्सव के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हमारे कार्य युक्त गांव सार्वजनिक प्रांगण में हुआ। जिसकी सफल आयोजन के लिए अशोक कुमार जी आदर्श गांव योजना प्रमुख मालनपुर को जाता है, और उनके मार्गदर्शन में पूरे युवा साथी कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा। वहीं कार्यक्रम के संचालन करते हुए मध्य प्रदेश के क्षेत्र प्रमुख श्री शिवकुमार रजवाड़े जी ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे भारत भर के 18 राज्यों की 400 गांव में इस वर्ष अमृत महोत्सव की थीम पर आदर्श गांव योजना के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, हम सभी जानते हैं आज हमारा देश ही नहीं पूरा विश्व कोविड-19 कोरोना महामारी का विराट काल देख रहा है, और इस विशेष वायरस से बचने के लिए हम सभी को डॉक्टर एवं स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा यूनिटी स्ट्रांग रखने के लिए विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश एवं वैक्सिंग भी लगाई गई, हमारे शरीर की मजबूती एवं यूनिटी स्ट्रांग करने के लिए आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में खेलकूद एवं योग जैसी गतिविधि को हमारी दिनचर्या में महत्व देना अत्यंत आवश्यक है इस काल के दौरान यह भी देखने को मिला कि शिक्षा से लेकर के हर एक क्षेत्र को ऑनलाइन गतिविधि से कार्य करने को प्रोत्साहन दिया गया लेकिन हमारी व्यक्तिगत जीवन में शरीर की मजबूती विवेकानंद जी जैसा तेज आदि को प्राप्त करने के लिए खेलकूद को प्रत्येक दिन की दिनचर्या में रखना अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान सूर्या फाउंडेशन के सूर्या संस्कार केंद्र, सूर्या युवा क्लब केंद्र शिक्षकों सहित समस्त ग्रामवासी गण एवं युवा टोली उपस्थित रही।

## सूर्य फाउण्डेशनद्वारा खेलकूद कार्यक्रमको आयोजना



## सूर्या फाउंडेशन खेलकूद प्रतियोगिता का समापन निमेड़ा गांव में हुआ

**जयपुर (राजस्थान)।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत पूरे देश भर में चल रही खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रतियोगिताओं के क्रम में राजस्थान क्षेत्र में यह प्रतियोगिताएं 25 दिसंबर से शुरू होकर 26 जनवरी तक संचालित हुए इसका भव्य समापन जयपुर ... प्रज्वलन व पुष्प अर्पण करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सूर्या संस्कार केंद्र के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सैनिक व विधिक सलाहकार, भारतीय सेना के पदाधिकारी दशरथ सिंह ने कहा की खेल कूद के ... के जो युवा निकल ... से तैयारी करें ... प्रदेश स्तर पर व ... और अपने देश ... नहीं सोचना चाहिए कि हम खेलेंगे तो हमारा भविष्य खराब हो जाएगा। खेलना भी एक प्रकार की कला है। यह कला पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरूरी है। हमारे देश के गांवों के युवाओं में भी खेल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है यह एक अच्छा माहौल है। हमें अपने देश के लिए अगर कुछ करना है तो पढ़ाई और खेलना दोनों ही जरूरी है किसी भी परिस्थिति में हमें पढ़ाई नहीं छोड़नी है, पढ़ना भी जरूरी है। ... फाउंडेशन ... ने की व कार्यक्रम मेंचाँदकरन बुरी (प्रबुद्ध नागरिक), प्रभु दयाल वर्मा (पूर्व सरपंच), ओमप्रकाश टेलर, लालाराम प्रजापत, मदन बुरी (झोटवाड़ा पंचायत समिति सदस्य), गजानन्द चोधरी, सीता शर्मा (वार्डपंच), हरिमोहन राजोरिया (सयुंक्त सचिव, बेटी पढ़ाओ फाउंडेशन),सुनील चोधरी और फाउंडेशन की ओर से मंगलचंद चोधरी, सुजीत प्रजापत, सूरज सेन, बजरंग प्रजापत, नाथु शर्मा, सोनू शर्मा, मोहित पारीक, राजेन्द्र शर्मा, विनोद सोंकरिया, कमल , विशाल उपस्थित रहे।

## खेल से युवाओं में आती है जागरुकता : आशुतोष मिश्रा



काशीपुर ( मंटा संवाददाता ) । क्षेत्र के गाँव टीला में सूर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत चल रहे सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर प्लांट के सहायक महाप्रबंधक आशुतोष मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख अरविंद राव, गाँव के पूर्व प्रधान कमलसिंह जी द्वारा भारत माता के समक्ष दीपप्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में गाँव की बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व युवाओं द्वारा योग पिरामिड का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये आशुतोष मिश्रा ने बताया कि खेल से लोगो मे भाईचारा की भावना बनती है, खेल से एकता आती है। खेल से शरीर का शारिरिक व मानसिक विकास होता है। आज के युवाओं की शिक्षा के साथ साथ खेल में भी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। खेल के माध्यम से युवा बड़े बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। जिस प्रकार युवाओ द्वारा योग का प्रदर्शन दिखाया गया है। गांव के सभी लोगो को योग अपनी दैनिक दिनचर्या में जोड़ना चाहिये। हर माता पिता चाहता है कि उसका बच्चा अच्छी शिक्षा के साथ साथ कामयाबी हासिल करें। बच्चों को भी अपने माता पिता की सेवा करना चाहिए। बच्चों के लिए भगवान स्वरूप होते हैं माता पिता। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नरेंद्र ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन द्वारा देश भर में ... समापन कार्यक्रम में आसपास के पाँच गाँव की टीमों ने भाग लिया। सभी विजेता टीम व खिलाड़ियों को शील्ड, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूर्या फाउंडेशन क्षेत्र प्रमुख नीतीश कुमार, भगवान दास, सुनील कुमार, सचिन, शिवम कुमार, गौरव, विनोद कुमार व अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## શામળાજીઃ સૂર્યા ફાઉન્ડેશન સંચાલિત સૂર્યા આદર્શ ગ્રામ યોજના અંતર્ગત 'ખેલ પ્રતિયોગિતા' નું સમાપન કાર્યક્રમ યોજાયો



સમાચાર ટુડે (અરવલ્લી) સલીમખાન પઠાણ.

સૂર્યા ફાઉન્ડેશન સંચાલિત સૂર્યા આદર્શ ગ્રામ યોજના અંતર્ગત 'ખેલ પ્રતિયોગિતા' નું સમાપન કાર્યક્રમ યોજાયો હતો. જેમાં કબ્બડી,વોલીબોલ,ક્રિકેટ,દોડ, સુર્યા નમસ્કાર, સંગીત ખુરશી જેવી વિવિધ પ્રતિયોગિતાઓ થઇ હતી જેમાં ભાવનપુર, શામળપુર, કુશકી, મેરાવાડા, પુલેટા, ટીંટોઇ, લાલપુર, ખારી, નવાગામ,જાબ ચિતરિયા, આશ્રમ ગામના કુલ ૪૭૧ ખેલાડીઓ એ ભાગ લીધો હતો, આ સમાપન કાર્યક્રમમાં વિજેતા ટીમ ને ટ્રોફી અને શિલ્ડ આપી સન્માન કરવામાં આવ્યા હતા,જેમાં સુર્યા ફાઉન્ડેશન વાઇસ ચેરમેન શ્રી હેમંતભાઇ શર્મા, અરવલ્લી જિલ્લા ભારતીય જનતા પાર્ટી ના પૂર્વ અધ્યક્ષ શ્રી રણવીરસિંહ ડાભી તેમજ નવનિયુક્ત સરપંચ શ્રી શામળભાઈ (કુશકી), શ્રી નટુભાઇ (નવાગામ), સરપંચ શ્રીમતી અરુણાબેન (ભવાનપુર), શ્રી શંભુભાઈ (પાલ્લા), શ્રી વિનોદસિંહ(સાકરીયા), સૂર્યા ફાઉન્ડેશન આદર્શ ગ્રામ યોજના ગુજરાત રાજ્ય પ્રમુખ શ્રી મહીપતભાઈ સુથાર, અરવલ્લી જિલ્લાના પ્રમુખ શ્રી જયદીપજી ઠાકોર, સૂર્યા ફાઉન્ડેશન ના શિક્ષક શ્રી મયુર તરાળ, શ્રી મેહુલ તરાળ, શ્રી ભાવેશપ્રજાપતિ, શ્રી નરેન્દ્રભાઈ મારીવાડ, શ્રી રમેશભાઈ ખાંટ તેમજ મોટી સંખ્યામાં આસપાસ ગામના ગ્રામજનો ઉપસ્થિત રહ્યા હતા.

સૂર્યા ફાઉન્ડેશન એક સામાજિક સંસ્થા છે જે દેશના અલગ-અલગ ૧૮ રાજ્યો ની અંદર સેવાકીય પ્રવૃત્તિ કરે છે દર વર્ષની જેમ આ વર્ષે પણ સૂર્ય આદર્શ ગ્રામ યોજના અંતર્ગત પ્રતિયોગિતા નો આયોજન કરવામાં આવ્યું હતું જેમાં અલગ-અલગ ગામોના યુવાઓએ ઉત્સાહભેર ભાગ લીધો હતો.

## परौंख में शुरू हुई खेल प्रतियोगिता

मंगलपुर। डेरापुर क्षेत्र के परौख गांव के पास महोई मोड़ पर कारगिल मैदान में मंगलवार से सूर्या फाउंडेशन की तरफ से नौ दिवसीय खेलकूद का आयोजन शुरू किया गया।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव परौंख गांव के पास कारगिल मैदान पर सूर्या फाउंडेशन की तरफ से 9 दिवसीय से खेलकूद का आयोजन शुरू किया गया है। इसमें प्रथम दिन क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया जिसमें पहला मैच मुर्रा और सिन्नीपुर के बीच हुआ। इसमें जिसमें सिन्नीपुर ने मुर्रा को 4 विकेट से हराकर जीत हासिल की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान संग्राम सिंह गौर ने किया।

## नया गांव में हुई खेल प्रतियोगिताएं

जागरण संवाददाता, बहादुरगढ़ : सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित आदर्श गांव योजना के अंतर्गत नया गांव में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें वालीबाल, खो-खो, कबड्डी, सूर्य नमस्कार दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम एक सप्ताह तक चला। इसका समापन आज नया गांव के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के निवर्तमान चेयरमैन परमजीत सौलधा रहे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता, सूर्या फाउंडेशन से अशोक तूर, कामेश्वर दलाई भंवर सिंह शिक्षक जतिन, संदीप, अविनाश विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे। परमजीत सौलधा ने बच्चों को बताया की खेल कूद से देश, गांव का नाम रोशन करें। जीवन में खेल का अपना महत्व है। इसको हमेशा अपने जीवन में रखना चाहिए। खेल से शारीरिक व मानसिक रूप से भी व्यक्ति अच्छा रहता है। इसलिए हमें खेल खेलना चाहिए। कामेश्वर ने बच्चों को बताया की विद्यालय तो निर्जीव है उसमें प्राण का काम हम करते है। जब हम खेल कूद प्रतियोगिता या पढ़ाई में उच्च स्थान प्राप्त करते है तो हमारे साथ साथ विद्यालय का भी नाम होता है। विद्यालय को हमेशा अपना परिवार मानना चाहिए। उसकी देख भाल करनी चाहिए। साफ सफाई रखनी चाहिए। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



नया गांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। • विज्ञप्ति

## ಕ್ರೀಡೆ ದೈನಂದಿನ ಜೀವನದ ಭಾಗವಾಗಬೇಕು : ಪಿಎಸ್‌ಐ ತಿಮ್ಮಯ್ಯ



## యువత అన్ని రంగాల్లో రాణించాలి

